### पैतृक गांव नन्यौला पहुंचे राज्यमंत्री, लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ किया स्वागत

# सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे, फिर बनेगी नायब सरकार : असीम

अम्बाला शहर, 20 मार्च (हप्र)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शामिल किए गए अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल शपथ लेने के बाद आज सबसे पहले माता श्री अम्बिका देवी मंदिर में माता रानी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। अम्बाला का नाम मां अम्बिका के नाम पर पड़ा था, ऐसा माना जाता है। मंदिर में पहुंच असीम गोयल ने मां अम्बिका की आरती की व पंडित अमित शर्मा ने मां अम्बिका की तस्वीर भेंट की। इसके पश्चात राज्यमंत्री असीम गोयल ने शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में शीश नवाया व गुरुओं का आशीर्वाद लिया। साथ ही गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने राज्यमंत्री असीम गोयल को दौशाला व गुरु महाराज की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। गुरु घर में शीश नवा कर राज्यमंत्री अपने पैतृक गांव नन्यौला में पहुंचे जहां उन्होंने अपनी पैतृक भूमि को प्रणाम किया। गांववासियों ने अपने मंत्री का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

अम्बाला शहर में बुधवार को मां अम्बिका देवी मंदिर में माथा टेकते राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला।-हप्र

इससे पूर्व बीती देर रात अम्बाला शहर स्थित अपने निवास पर पहुंचे राज्यमंत्री असीम गोयल का उनके समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, पार्षदों एवं नगर के गणमान्य लोगों ने जश्न मनाया एवं उत्साहपूर्वक राज्यमंत्री असीम गोयल का स्वागत किया। यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। आज सुबह राज्यमंत्री असीम गोयल ने सभी का अभिवादन स्वीकार कर नन्यौला देवी मंदिर में माता रानी का आशीर्वाद लिया। राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार गांव में पहुंचने पर गांववासियों ने पगड़ी पहना व तलवार भेंट कर असीम गोयल को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सैनी, अमन सूद, पार्षद मनीष आनंद मन्नी, सुंदर ढींगरा, पूर्व मेयर रमेश मल, स्वर्ण सैनी, पार्षद यतिन बंसल, गुरविंदर सिंह, बाबा खेमचंद, सरपंच सुखविंदर सिंह, मुकेश वर्मा, सुषमन शर्मा, इंदरजीत सिंह कांडा मौजूद रहे।

**अपनी जड़ों को मजबूत रखना बहुत जरूरी : गोयल**

राज्यमंत्री असीम गोयल ने गांव में पहुंचने पर अपनी जन्मभूमि व गुरुओं की भूमि को प्रणाम करने के बाद कहा कि वे अपने गांव की सरदारी को और शहरवासियों को यही कहना चाहते हैं कि मंत्री वे नहीं बल्कि आप सभी बने हो। उन्होंने मंत्री पद की जिम्मेवारी देने के लिए संगठन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह खुशी नन्यौला गांव में पहली बार आई है। अपनी जड़ों को मजबूत रखना बहुत जरूरी है। हम सभी को अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। अब हम सभी ने मिलकर लोकसभा चुनाव में मेहनत कर अम्बाला में कमल खिला कर, हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत में अपनी भागीदारी देनी है और आगे भी हरियाणा प्रदेश में नायब सरकार बनानी है।

## पूर्व मंत्री विज का लिया आशीर्वाद

**अम्बाला (हप्र) :** नवगठित हरियाणा सरकार में मंत्री पद लेने वाले अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल आज वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री अनिल विज से उनके निवास पर आशीर्वाद लेने पहुंचे । उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा भी मौजूद थे। मंत्री असीम गोयल ने अनिल विज का आशीर्वाद लेते हुए उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान पूर्व मंत्री विज ने भी गोयल को बधाई देते हुए कहा कि उनका हमेशा सहयोग रहेगा। गोयल ने कहा कि अनिल विज हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और वे उनका मार्गदर्शन लेकर अम्बाला शहर का विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अम्बाला छावनी में बुधवार को पूर्व मंत्री अनिल विज का आशीर्वाद लेते मंत्री असीम गोयल।-हप्र

## सामाजिक बुराइयों के समूल नाश में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : बंसल

### एसए जैन कॉलेज में एनएसएस शिविर

अम्बाला शहर, 20 मार्च (हप्र)

एसए जैन कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर में योगा ट्रेनर जितेंदर और राकेश जिंदल ने वज्रासन, त्रिकोणासन, सूर्यनमस्कार इत्यादि योगा करवाते हुए उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रार्थना सभा में नवकार मंत्र, सुविचार के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। द्वितीय सत्र में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. वाईपी मेहता मुख्य वक्ता रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आभा बंसल ने सामाजिक बुराइयों के समूल नाश में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में बताते हुए मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

डॉ. वाईपी मेहता ने एनएसएस स्वयंसेवकों का समाज के उत्थान में योगदान विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने महिला उत्थान, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक का प्रयोग न करना, सामाजिक कुप्रवृत्तियों का नाश, विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य तथा आदर्श को लेकर वॉलिंटियर्स को जागरूक किया।

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में सिविल हॉस्पिटल अंबाला शहर के सौजन्य से एनएसएस वॉलिंटियर्स की पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिसमें डॉ. बलजिंदर कौर और डॉ. सुरभि जिंदल ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें प्रथम स्थान रंजीत तथा अंबिका द्वितीय स्थान पारस तथा स्नेहा ने प्राप्त किया। सिविल अस्पताल की ओर से विजेता विद्यार्थियों को ट्रैकसूट के साथ पुरस्कृत किया गया। इसके उपरांत इको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। तृतीय सत्र में बुल्सआॅय से अंकुर ग्रोवर और महक ने शिरकत की। इस सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स के बारे में जानकारी दी। सायंकाल सत्र में स्वयंसेवकों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। शिविर आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश चौहान, प्रो. पूजा जैन, प्रो. अतुल शर्मा और एनएसएस स्वयंसेवकों की विशेष भूमिका रही।

## एसडीएम दफ्तर का बिल क्लर्क गिरफ्तार

### शिकायतकर्ता से ले रहा था 20,000 रुपये रिश्वत

मोहाली, 20 मार्च (हप्र)

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही मुहिम के अंतर्गत बुधवार को एसडीएम दफ़्तर मोहाली में तैनात बिल क्लर्क नरिन्दर कुमार को 20,000 रुपए रिश्वत लेते हुये काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को यादविन्दर सिंह निवासी गांव लांडरां, ज़िला एसएएस नगर की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो के पास पहुंच कर आरोप लगाया कि उक्त आरोपी शिकायतकर्ता से उसके ससुराल केसर सिंह, निवासी गांव चाचूमाजरा के जमीनी समझौते मुकदमे की अदालती फीस की वापसी के दो बिलों की क्लीयरेंस के बदले 40,000 रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि आरोपी पहले ही 20,000 रुपए ले चुका है और रिश्वत की बकाया रकम की मांग कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 20,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत थाना विजिलेंस स्क्वाड-1 मोहाली में केस दर्ज किया गया है और आगे जांच जारी है।

## रिश्वत मामले में महिला इंस्पेक्टर पर चलेगा केस

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 20 मार्च (हप्र)

**वर्ष 2020 में हुई थी एफआईआर दर्ज**

चंडीगढ़ पुलिस की महिला इंस्पेक्टर जसविंदर कौर के खिलाफ लगभग 4 साल पुराने मामले में सीबीआई की विशेष कोर्ट में केस चलेगा। आरोपी इंस्पेक्टर जसविंदर कौर पर 5 लाख रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है। इस मामले में अगस्त 2021 से रोक लगी हुई थी। लेकिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अब रोक हटा दी है। अब जसविंदर कौर के खिलाफ सीबीआई कोर्ट में ट्रायल शुरू होगा। सीबीआई ने जसविंदर कौर के खिलाफ जून 2020 में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस विभाग ने उसे निलंबित कर दिया था। 2021 में कोर्ट की तरफ से मामले की सुनवाई में रोक लगा दी गई थी। इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस विभाग ने उन्हें सितंबर 2023 में नौकरी पर बहाल कर दिया था। जसविंदर कौर ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई से थाने की सीसीटीवी फुटेज और उनकी सीएफएसएल रिपोर्ट की मांग की थी। सीबीआई ने ये उसे उपलब्ध नहीं कराई थी। इसी के चलते हाईकोर्ट ने मामले के ट्रायल पर रोक लगा दी थी। जसविंदर कौर 2020 में मनीमाजरा थाने में एसएचओ के तौर पर तैनात थी। आरोप है कि उन्होंने मनीमाजरा निवासी गुरदीप सिंह से 5 लाख की रिश्वत मांगी थी। गुरदीप सिंह ने ही सीबीआई को शिकायत दी थी। उसका आरोप था कि जसविंदर कौर ने उसे केस दर्ज न करने के एवज में 5 लाख रुपए मांगे हैं। जसविंदर कौर ने गुरदीप को कहा था कि उसके खिलाफ रणधीर नाम के व्यक्ति ने शिकायत दी है कि उसकी पत्नी को हरियाणा में ईटीओ लगवाने के लिए उसने 28 लाख रुपए लिए हैं।

## 'हुनर' में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा, विजेता हुए पुरस्कृत

पंजाब यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'हुनर' में प्रस्तुति देने वाले छात्रों के साथ टीचर। -हप्र

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 20 मार्च (हप्र)

पंजाब यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) की ओर से डिस्टेंस लर्नर्स के लिए अपने सभागार में शानदार वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'हुनर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब यूनिवर्सिटी के गान और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सीडीओई की डॉयरेक्टर प्रोफेसर हर्ष गंधार ने सम्मानित मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा के राज्यपाल के संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह और पंजाब यूनिवर्सिटी में डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर अमित चौहान सम्मानित अतिथि थे। प्रो. गांधार ने विविध पृष्ठभूमि और क्षेत्रों के दूर-दराज के लर्नर्स की प्रतिभा संवर्द्धन संबंधित मिशन पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर गंधार ने कहा कि प्रतिभागियों के बीच बातचीत और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सम्मानित अतिथि प्रो. अमित चौहान ने छात्रों के विकास में फीडबैक की परिवर्तनकारी शक्ति, कार्यक्रम के मंचन और वास्तविक जीवन की चुनौतियों के बीच समानताएं दर्शाने पर जोर दिया। उन्होंने सम्मान और नैतिक आचरण के महत्व पर जोर दिया। प्रो. प्रवीण शारदा ने डॉ. पूर्वा मिश्रा और डॉ. सुच्चा सिंह के नेतृत्व वाली आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए, समर्पित कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का समन्वयन किया। डॉ. कमला संधू और डॉ. रविंदर कौर ने मंच का संचालन किया। इस कार्यक्रम में कविता पाठ, नृत्य, तात्कालिक भाषण, नकल, फोटोग्राफी, रंगोली, मेहंदी, बेकार कृतियों से सर्वश्रेष्ठ रचनाएं, पोस्टर बनाना, कोलाज बनाना और कार्टूनिंग शामिल थे। अंत में सभी विजेताओ को पुरस्कार दिया गया ।

## प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में होगी एक्साइज चैकिंग टीम : डीसी

### कड़ी निगरानी में रहेंगे डिस्टिलरी और बॉटलिंग प्लांट

मोहाली, 20 मार्च, (हप्र)

लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान शराब के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती आशिका जैन ने आज साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले में शराब की आवाजाही पर रोक लगा दी और निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया है। जिला प्रशासनिक परिसर में डिस्टिलरी, बॉटलिंग प्लांट और मैरिज पैलेस मालिकों की बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर किसी भी तरह की ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो डिस्टिलरी, एक ब्रूअरी और 13 बॉटलिंग प्लांट से शराब परिवहन की कड़ी निगरानी पर जोर दिया और कहा कि 299 शराब ठेकों की बिक्री की निगरानी के अलावा, जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

शराब, ड्रग्स या रिश्वतखोरी के किसी भी मामले में जीरो टालरेंस की नीति होगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उत्पाद विभाग के अधिकारी जिले में लगातार निगरानी रखेंगे । उन्होंने आबकारी अधिकारियों को शराब ठेकों की दैनिक बिक्री और स्टॉक की जांच करने और 30 प्रतिशत से अधिक बिक्री बढ़ने पर तुरंत सभी रिकॉर्ड जांचने को कहा। डीसी ने एक्साइज अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके अलावा अंतरराज्यीय सीमा, अंदरूनी गांवों, स्लम एरिया में ठेकों पर नियमित रूप से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

उपायुक्त ने मैरिज पैलेस प्रबंधन को संबंधित एआरओ से संपर्क करने के निर्देश दिए। एसएएस नगर के सहायक आबकारी आयुक्त अशोक चल्होत्रा ने उपायुक्त को बताया कि जिले में 4 टीमें एक साथ नाकों पर पुलिस के साथ संयुक्त जांच कर रही हैं। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक एक्साइज चेकिंग टीम होगी जिसमें 1 ईटीओ, 1 इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मचारी होंगे। इसके अलावा 4 आबकारी निरीक्षक अपने सर्किल में कार्यरत हैं। पंजाब सीमा से चंडीगढ़ और हरियाणा की ओर 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ठेकों की सूची इन अधिकारियों के साथ साझा की गई है और उनसे अनुरोध किया गया है कि वे पंजाब में मतदान से 48 घंटे पहले इन ठेकों को बंद कर दें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों में एडीसी विराज एस तिड़के और दमनजीत सिंह मान, सहायक आयुक्त डेवी गोयल और आबकारी विभाग के ईटीओ और आबकारी निरीक्षक शामिल थे।

### सड़क किनारे लावारिस पड़ी कंडम वाहनों की बॉडी

## कई जगह लग रहा है जाम, लोग परेशान

मनीमाजरा, 20 मार्च (हप्र)

सड़क किनारे पड़े कंडम वाहन मनीमाजरा की मोटर मार्केट की सुंदरता पर ग्रहण साबित हो रहे हैं। जिन्हें न तो इंफोर्समेंट विभाग ही उठाता है और न ही पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही करता है जिसके चलते मोटर मार्केट में स्वच्छता पर सवालियां निशान लग रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मोटर मार्केट में नाले व मुख्य सड़क के आसपास सड़क किनारे दर्जन कंडम वाहनों के ढांचे पड़े हुए हैं, इसके अलावा मार्केट में अन्य कई जगहों पर भी कंडम किए गए वाहन पड़े हैं जिसे देखने वाला कोई नहीं है। सूत्रों का कहना है कि मार्केट में बाहर से गाडिय़ां लाकर तोड़ी भी जाती हैं और उनकी बॉडी कंडम कर मार्केट में ही रख दी जाती। सूत्रों की माने तो तोड़ी गाड़ी चोरी की है या नहीं इसके बारे में पता लगाने के लिए पुलिस भी चौकसी नहीं करती। जिसके कारण कई जगह पुरानी गाडिय़ों की तोडफोड़ सरेआम चलती रहती है।

मार्केट के कई दुकानदारों का कहना है कि मार्केट में कंडम वाहनों की बॉडियो के कारण मार्केट की सुंदरता पर ग्रहण लगा हुआ है और मार्केट में स्वच्छता अभियान भी इसके चलते ठुस्स होकर रह गया है। मोटर मार्केट में सड़क के किनारे खड़े वाहनों की रिपयेर होने के कारण जाम लगता रहता है।

## अम्बाला में स्नैचिंग के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला शहर, 20 मार्च (हप्र)

थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिंद्र सिंह के नेतृत्व में आरोपी महेश कुमार निवासी गांधी कालोनी बलदेव नगर व संजू निवासी सुभाष नगर बलदेव नगर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के संबंध में शिकायतकर्ता सुखजिंद्र सिंह निवासी सरहिन्द बाजार ने 4 मार्च को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मार्च को नजदीक जग्गी सिटी सेंटर से किसी अज्ञात ने उसकी पत्नी से पर्स छीन लिया है। पर्स में नकदी, मोबाइल फोन व जरूरी कागजात भी थे। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा के अनुसार आरोपियों से नकदी और मोबाइल बरामद कर लिया गया है। एक अन्य मामले में थाना सेक्टर-9 में दूराचार करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करके आरोपी को धर दबोचा है।

## 'शिरोमणि अकाली दल ने खो दी प्रासंगिकता'

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 20 मार्च (हप्र)

सामाजिक राजनीतिक संगठन मिसल सतलुज ने बुधवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है। मिसल सतलुज नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन अकाली आंदोलन के सिद्धांतों को पुनर्जीवित करने, पंजाब के अधिकारों की वकालत करने और एक व्यापक एजेंडे के साथ सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने का प्रयास करता है। मिसल सतलुज के प्रेजिडेंट अजयपाल सिंह बराड़ ने यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 से, पंजाब ने केंद्र सरकार के हाथों उत्पीड़न और भेदभाव को सहन किया है। शिरोमणि अकाली दल ने शुरू में पंजाब के अधिकारों की वकालत की थी, लेकिन व्यक्तिगत लालच और समय के साथ इसके नेतृत्व के नैतिक ताने-बाने में गिरावट के कारण प्रासंगिकता खो गई। इस अवसर पर गुरसेवक सिंह चहल, सुखविंदर सिंह सिद्धू, हरदीप सिंह डोड, तेजविंदर सिंह मांगट और बीबी जसमीत कौर छीना, राजपाल सिंह संधू, प्रदीप सिंह भी मौजूद रहे। मिसल सतलुज के एक अन्य वरिष्ठ नेता देविंदर सिंह सेखों ने कहा कि मिसल सतलुज का कार्यक्रम दो प्रमुख उद्देश्यों पर केंद्रित है- शिअद को निजी कॉर्पोरेट पकड़ से मुक्त करना और 1974 में शिअद द्वारा सर्वसम्मति से अपनाए गए लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति पर जोर देना। मिसल सतलुज के एजेंडे में कृषि और औद्योगिक सुधार, शैक्षिक बढ़ोतरी, पर्यावरण संरक्षण और नशा और धन पुनर्वितरण जैसे सामाजिक मुद्दों का समाधान शामिल हैं।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का होगा प्रयास

## ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 24 को मनाया जाएगा विश्व कबड्डी दिवस

पंचकूला, 20 मार्च (हप्र)

इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस भारत में मनाया जा रहा है और इसके लिए पंचकूला के ताऊ देवीलाल इंडोर स्टेडियम का चयन किया गया है। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिपसा) और विश्व कबड्डी द्वारा संयुक्त रूप से इस वर्ष कबड्डी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। हिपसा की अध्यक्षा कांथी डी सुरेश ने बताया कि विश्व कबड्डी दिवस वर्ष 2019 से हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है। यह भविष्य के लिए खेलों के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के साथ-साथ कबड्डी के खेल को विश्व स्तर पर पहचान दिलवाने वाले लोगों को इस दिशा में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह कबड्डी के खेल से जुड़े संस्थापकों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, प्रशासकों, तकनीकी अधिकारियों और सभी महत्वपूर्ण हितधारकों के लिए एक जश्न का दिन है। पिछले वर्ष मिस्र में विश्व कबड्डी दिवस का आयोजन किया गया था।

कांथी डी सुरेश ने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना है, जिसके अंतर्गत कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सर्वाधिक खिलाड़ियों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया। गिनीज ने 84 खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड बेंचमार्क निर्धारित किया है, जबकि आयोजकों ने 154 खिलाड़ियों के साथ नया रिकॉर्ड बनाने की चुनौती दी है।

यह प्रयास 24 मार्च को सुबह 11 बजे गिनीज टीम के निर्णायकों की उपस्थिति में शुरू होगा और सफल होने पर इस दिन भारत कबड्डी में विश्व रिकॉर्ड बनाएगा। सुश्री कांथी डी सुरेश ने बताया कि गिनीज रिकॉर्ड प्रयास के तकनीकी नियम गिनीज टीम और विश्व कबड्डी के सदस्यों द्वारा मिलकर तैयार किए गए हैं। मैच की समयावधि और एक मानक मैच में अनुमत सबस्टीटयूट की संख्या से संबंधित नियमों को छोड़कर अधिकांश नियम दुनिया भर में अपनाए जाने वाले मानकीकृत नियम हैं।

**टीम अर्जुन और टीम अभिमन्यु रिकॉर्ड के लिए करेंगे प्रतिस्पर्धा**

हिपसा के साथ कार्यक्रम के आयोजकों में से एक विश्व कबड्डी के अध्यक्ष डॉ. अशोक दास ने बताया कि विश्व कबड्डी के विभिन्न सदस्य देशों के विदेशी प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। दो टीमें, टीम अर्जुन और टीम अभिमन्यु इस प्रयास के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। कबड्डी विश्व रिकॉर्ड सफलतापूर्वक टूटने पर कार्यक्रम में उपस्थित गिनीज निर्णायकों द्वारा एक आधिकारिक तौर पर प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा।


## सार्वजनिक सूचना

## बी.पी.टी.पी पार्कलैंड्स प्राइड लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय:** ओ टी–30, तीसरी मंजिल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंडस, सेक्टर–76, फरीदाबाद 121004, हरियाणा

दूरभाष: 0120–4492–650 वेबसाइट: www.bptp.com

यह सार्वजनिक सूचना निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा चंडीगढ़ **("डीटीसीपी")** द्वारा जारी ज्ञापन संख्या LC-890-D-JE (MK) -2024/9538 दिनांक 14.03.2024 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

**जोकि, बी.पी.टी.पी** पार्कलैंड्स प्राइड लिमिटेड (जिसे पहले न्यू एज टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

और अन्य 152.973 एकड़ जमीन पर आवासीय प्लॉट कॉलोनी को विकसित करने की प्रक्रिया में हैं, जिसका नाम है " प्राइड " जोकि, सेक्टर 77 और 78 फरीदाबाद हरियाणा में स्थित है, जिसे लाइसेंस नम्बर 30/2010 दिनांक 01.04.2010 और 12/2012 दिनांक 22.02.2012 की शर्तों के अनुसार विकसित किया जा रहा है जो डीटीसीपी द्वारा समेकित लेआउट योजना के साथ प्रदान किया गया है।अब, डीटीसीपी ने ज्ञापन संख्या. LC-890-D-JE (MK)-2024/9538 दिनांक 14.03.2024, के द्वारा सेक्टर -77, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित 3.8375 एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र में आवासीय प्लॉट कॉलोनी की स्थापना के लिए लाइसेंस देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (LOI) जारी किया है जिसे पूर्वोक्त लाइसेंस के अतिरिक्त जारी किया है, जिससे कॉलोनी की मौजूदा पहले स्वीकृत लेआउट योजना संशोधित हो गई है।

**और जोकि,** डीटीसीपी ने मौजूदा लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र के साथ अतिरिक्त क्षेत्र को विलय करने के बाद 156.8105 एकड़ (152.973 एकड़ + 3.8375 एकड़) के सामूहिक क्षेत्र के लिए एक अनंतिम लेआउट योजना भी जारी की है। 0.75 एकड़ के नियोजित विकास को बदल दिया गया है और 0.62 एकड़ के अनिर्धारित उपयोग को नियोजित विकास क्षेत्र में बदल दिया गया है। कॉलोनी के हरित क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**और जोकि,** कई व्यक्तियों / अलॉट्टीयों ने आवासीय कॉलोनी " प्राइड " में भूखंडों / दुकानों / संपत्तियों के आवंटन के लिए बुकिंग / खरीद समझौतों में प्रवेश किया है।

और **जोकि,** पहले से स्वीकृत लेआउट योजना असर ड्राइंग नं. उक्त कॉलोनी के लिए DGTCP-3304 दिनांक 03.08.2012 को अब भूखंड जिसमें किसी भी तीसरे पक्ष के अधिकार बनाए गए हैं या जहां भूखंड आवंटित किए गए हैं, के क्षेत्र में किसी भी बदलाव के बिना संशोधित करने का प्रस्ताव है, इस प्रकार मौजूदा विकास कार्य प्रभावित नहीं हुए हैं.

**और जोकि,** निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ के कार्यालय ने हमें लेआउट योजना में इस तरह के संशोधन की अनुमति देने के लिए पूर्व शर्त, लेआउट योजना के संशोधन के खिलाफ 25.01.2021 की नीति के अनुसार " प्राइड " कॉलोनी के आवंटियों से आपत्तियां लेने का निर्देश दिया है।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उपर्युक्त कॉलोनी लेआउट योजना के प्रस्तावित संशोधन पर मौजूदा आवंटियों से आपत्तियां आमंत्रित की जा रही हैं। पहले से स्वीकृत लेआउट योजना ड्राइंग नं DGTCP-3304 दिनांक 03.08.2012 की एक प्रति. और संशोधित लेआउट योजना स्वीकृत जोकि ज्ञापन संख्या LC-890-D-JE (MK) -2024/9538 दिनांक 14.03.2024 के द्वारा सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित है, के साथ-साथ ड्राइंग हमारी आधिकारिक वेबसाइट यानी www.bptp.com पर उपलब्ध है। उक्त लेआउट योजना को अधोहस्ताक्षरी के पंजीकृत कार्यालय के साथ-साथ वरिष्ठ नगर योजनाकार (STP) एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -12, फरीदाबाद, हरियाणा के कार्यालय में भी देखा जा सकता है।

" प्राइड " कॉलोनी के किसी भी मौजुदा आवंटी को संशोधित लेआउट योजना पर कोई आपत्ति/सुझाव है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार (STP) एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -12, फरीदाबाद, हरियाणा के कार्यालय में अपनी आपत्ति/सुझाव दर्ज करा सकते हैं, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि मौजूदा आवंटियों में से किसी को भी संशोधित लेआउट योजना मे पर कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : फ़रीदाबाद
दिनांक : **21.03.2024**

**रोहित मोहन**
कृते बी.पी.टी.पी पार्कलैंड्स प्राइड लिमिटेड